# जिलिमटांड़ से भारी मात्रा में नकली शराब व स्प्रीट बरामद

Publish Date:Sat, 16 Nov 2019 06:21 AM (IST)



थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र जरीडीह पंचायत के राजाभिट्ठा गांव के टोला जिलीमटांड़ में पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अवैध अ

डुमरी : उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र जरीडीह पंचायत के राजाभिट्ठा गांव के टोला जिलिमटांड़ में पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, कच्चा स्प्रीट एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त होनेवाली सामग्री सहित रैपर व खाली बोतल भी बरामद किया है। पुलिस सभी बरामद सामग्रियों को जब्त कर अपने साथ डुमरी ले आई। छापेमारी का नेतृत्व सदर एसडीपीओ सह प्रशिक्षु आइपीएस कुमार गौरव ने किया। छापेमारी दल में डुमरी के पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश सिंह, थाना प्रभारी अशोक प्रसाद, एएसआई जैना बालमुचू आदि शामिल थे।

एसडीपीओ ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में अवैध अंग्रेजी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसपी ने एक टीम गठित की। पुलिस ने चारों ओर दर्जनों घरों से घिरे जिलिमटांड़ निवासी चेतन टुडू एवं रति देवी के घर के काफी अंदर रखा आठ ड्राम कच्चा स्प्रीट एवं लगभग एक सौ पेटी विभिन्न प्रकार की नकली शराब बरामद की। सभी बरामद शराब व अन्य सामग्रियों को एक मालवाहक वाहन में लोडकर देर शाम डुमरी ले आया गया। छापेमारी में दोचेतन टुडू व चुड़का टुडू पूछताछ के लिए लाए गए हैं। पुलिस ने ससारखो निवासी चतुर सिंह (पिता चपरासी सिंह) एवं निरंजन सिंह के घर के शौचालय में छुपाकर रखे गए बारह पेटी ओसी ब्लू बरामद किया। इन दिनों उत्तराखंड क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों में अवैध शराब का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। डुमरी थाना प्रभारी ने 150 से 200 पेटी शराब होने की बात कही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/giridih-wine-seized-19761330.html